1. पदनाम— वाहन चालक कुल पद—34

**(I)** रिक्तियों का विवरण एवं क्षैतिज आरक्षण की स्थिति:—

| क्र0 सं0 | पद कोड | पदनाम, विभाग का नाम | आरक्षण श्रेणी | रिक्त पद | क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत रिक्त पदों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | उत्तराखण्ड महिला (UK.WO.) | स्व0सं0से0 के आश्रित (D.F.F.) | भूतपूर्व सैनिक (EX.SER.) | अनाथ (ORPHAN) | दिव्यांग (DIVYANG) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | **655/714/56/2024** | वाहन चालक (राज्य सम्पत्ति विभाग, उत्तराखण्ड) | अ0जा0 **(S.C.)** | — | — | — | 01 | — | — |
| | | | अ0ज0जा0 **(S.T.)** | — | — | | | — | |
| | | | अ0पि0व0 **(O.B.C.)** | 03 | — | | | — | |
| | | | आ0क0व0 **(E.W.S.)** | 03 | — | | | — | |
| | | | सामान्य / अना0 **(Gen./U.R.)** | 25 | — | | | 01 | |
| | | | योग | 31 | — | — | 01 | 01 | — |
| 2 | **788/714/56/2024** | वाहन चालक (उत्तराखण्ड राज्यपाल सचिवालय) | अ0जा0 **(S.C.)** | 01 | — | — | — | — | — |
| | | | अ0ज0जा0 **(S.T.)** | — | — | | | — | |
| | | | अ0पि0व0 **(O.B.C.)** | — | — | | | — | |
| | | | आ0क0व0 **(E.W.S.)** | 01 | — | | | — | |
| | | | सामान्य / अना0 **(Gen./U.R.)** | — | — | | | — | |
| | | | योग | 02 | — | — | — | — | — |
| 3. | **770/715/56/2024** | वाहन चालक (उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्, रूड़की, हरिद्वार) | अ0जा0 **(S.C.)** | — | — | — | — | — | — |
| | | | अ0ज0जा0 **(S.T.)** | — | — | | | — | |
| | | | अ0पि0व0 **(O.B.C.)** | 01 | — | | | — | |
| | | | आ0क0व0 **(E.W.S.)** | — | — | | | — | |
| | | | सामान्य / अना0 **(Gen./U.R.)** | — | — | | | — | |
| | | | योग | 01 | — | — | — | — | — |
| कुल योग | | | | 34 | — | — | 01 | 01 | — |

नोटः— शासनादेश संख्याः **196/XVII-2/2011-29 (स0क0) /2003** दिनांक 25.03.2011 के अनुसार वाहन चालक का पद दिव्यांगता हेतु चिह्नित् न होने के दृष्टिगत दिव्यांगजन हेतु कोई भी पद आरक्षित नहीं किया गया है। इस प्रकार दिव्यांग अभ्यर्थी सामान्य या अनारक्षित पदों पर चयन के लिए भी पात्र नहीं होंगे।

**(ii)** राज्य सम्पत्ति विभाग, उत्तराखण्ड तथा उत्तराखण्ड राज्यपाल सचिवालय हेतु वेतनमान :— रू0 21,700—रू0 69,100 (लेवल—03)

**(iii)** उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्, रूड़की, हरिद्वार के राज्याधीन सेवाओं हेतु वेतनमानः— रू0 19,900—रू0 63,200 (लेवल—02)

**(iv) पद का स्वरूपः** – अराजपत्रित, स्थायी, अंशदायी पेंशनयुक्त।

**(v) आयु सीमा** – 21 वर्ष से 42 वर्ष तक।

**(vi) <u>शैक्षिक अर्हताः–</u>**

**1– राज्य सम्पत्ति विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत वाहन चालक (पद कोड–655/714/56/2024) हेतुः–**

(i) किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक संस्था से आठवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, और

(ii) यथास्थिति भारी, हल्के वाहन को चलाने का वैध चालक लाईसेंस नियम–16 के अधीन, रिक्ति के सेवायोजन कार्यालय को अधिसूचित किये जाने के दिनांक से पूर्व से 03 वर्ष से अन्यून अवधि का रखता हो।

**2– उत्तराखण्ड राज्यपाल सचिवालय के अन्तर्गत वाहन चालक (पद कोड–788/714/56/2024) हेतु :–**
किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था से कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, और चयन वर्ष के प्रथम दिवस से पूर्ववर्ती पांच वर्ष से अन्यून अवधि का विधिमान्य ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए और मोटरयान अधिनियम, 1988 और उसके अधीन बनाये गये नियमों में विहित यातायात विनियमों की जानकारी होनी चाहिए।

**3– उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्, रूड़की, देहरादून के राज्याधीन सेवाओं के अन्तर्गत वाहन चालक (पद कोड–770/715/56/2024) हेतुः–**

1. अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक संस्था से आठवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, और

2. नियम 16 के अधीन, रिक्ति के सेवायोजन कार्यालय को अधिसूचित किये जाने के दिनांक से पूर्व से 03 वर्ष से अन्यून अवधि का यथास्थिति भारी, हल्के वाहन को चलाने का वैध ड्राइविंग लाईसेंस अभ्यर्थी रखता हो।

**<u>अधिमानः–</u>** लिखित प्रतियोगी परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने पर आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को चयन सूची में ऊपर रखा जायेगा।

4. <u>प्रतियोगी परीक्षा की संरचना तथा पाठ्यक्रमः–</u>

**(एक)** चयन परीक्षा 100 अंको की होगी, जिसमें 50 अकों की एक लिखित प्रतियोगी परीक्षा होगी जिसमें वाहन चालन व सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे। इस परीक्षा में 01 घण्टे की समयावधि में 50 वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न दिए जाएंगे तथा मूल्यांकन के पश्चात अभ्यर्थी के प्राप्तांको का 50 प्रतिशत किया जाएगा। इन 50 प्रतिशत प्राप्तांकों में सामान्य **(Gen./U.R.),** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **(E.W.S.),** तथा अन्य पिछड़ा वर्ग **(O.B.C.)** के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने आवश्यक हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जाति **(S.C.)** तथा अनुसूचित जनजाति **(S.T.)** के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 35 प्रतिशत प्राप्त करने आवश्यक हैं।

**(दो)** लिखित प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को लिखित प्रतियोगी परीक्षा की प्रवीणता सूची से, एक पद के सापेक्ष 06 गुना अभ्यर्थियों को वाहन चालन परीक्षा (ड्राईविंग टेस्ट) हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

**(तीन)** लिखित प्रतियोगी परीक्षा के पश्चात ड्राइविंग परीक्षा 75 अंकों की होगी जिसमें सामान्य **(Gen./U.R.),** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **(E.W.S.),** अन्य पिछड़ा वर्ग **(O.B.C.),** अनुसूचित जाति

